CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 315 ▫ रायपुर, सोवार 9 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### आप ने जारी की 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची मनीष सिसोदिया की बदली सीट

**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी, जो पटपड़गंज से विधायक हैं। अब वह जंगपुरा सीट से चुनाव लड़ेंगे। सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से इस बार अवध ओझा को टिकट दिया गया है जो एक शिक्षाविद् और लोकप्रिय यूट्यूबर हैं। वह हाल ही में सत्तारूढ़ आप पार्टी में शामिल हुए हैं।

### महाराष्ट्र में फिर से विधानसभा के स्पीकर चुने गए राहुल नार्वेकर



**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर को सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत है। उन्हें निर्विरोध चुना गया क्योंकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। रविवार को कोलाबा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक नार्वेकर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह 14वीं विधानसभा में ढाई साल तक स्पीकर रहे और 20 नवंबर के विधानसभा चुनाव में मुंबई की कोलाबा विधानसभा सीट से फिर से चुने गए।

उनके चुनाव के बाद नई सरकार की ताकत साबित करने के लिए फ्लोर टेस्ट होगा। इसके बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, नार्वेकर ने फैसला सुनाया था कि बाल ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी में विभाजन के बाद एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी वैध और असली शिवसेना थी। उन्होंने यह भी माना कि अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) है, जिसकी स्थापना शरद पवार ने की थी। विशेष रूप से, हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में, महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना, एनसीपी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 288 में से 230 से अधिक सीटें जीतीं.




चूहा- सुनती हो, सीरिया का राष्ट्रपति देश छोड़कर भाग गया।

चुहिया- हां जी, बांग्लादेश की हवा लग गई...!

# मनेन्द्रगढ़ के भौता में मिला बाघ का फुट प्रिंट, वन विभाग की कराई मुनादी




**बिलासपुर/मनेंद्रगढ़,** 9 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। मनेंद्रगढ़ फॉरेस्ट रेंज के ग्राम पंचायत भौता में बाघ के फुट प्रिंट मिले हैं। वन विभाग की टीम ने इलाके में बाघ के होने की पुष्टि की है। वन विभाग की ओर से मुनादी कराकर गांव वालों को अलर्ट रहने के भी निर्देश दिए गए हैं।

बाघ के मौजूदगी की खबर से गांव वाले काफी डरे हुए हैं। शाम होते ही गांव के लोग अपने अपने घरों में बंद हो जा रहे हैं। वन विभाग की टीम अब कैमरे लगाकर बाघ को ट्रैक कर रही है। बाघ ने गांव के करीब पहुंचकर दो बकरियों पर हमला भी किया है। बाघ के हमले में एक बकरी की मौत भी हो चुकी है।

### मवेशियों पर कर रहा हमला

बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम ने तीन शिफ्टों में अपने कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया है। वन विभाग की कोशिश है कि किसी भी हाल में बाघ रिहायशी इलाके के पास नहीं पहुंचे। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो इसका ख्याल रखा जा रहा है। डीएफओ मनीष कश्यप ने बताया कि बाघ को ट्रैक करने के लिए टीम को काम पर लगाया है। टाइगर के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। बाघ लगातार लंबी-लंबी दूरी तय कर ट्रैवेल कर रहा है। हाईटेक तकनीक के जरिए हम उसपर नजर रखने की कोशिश में जुटे हैं।

# जिस पद पर नियुक्ति और उसी पद पर रिटायर ठीक नहीं : हाईकोर्ट



प्रमोशन मुद्दे पर हाईकोर्ट ने विभागों व सामान्य प्रशासन व वित्त विभाग को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर,** 9 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने डाटा इंट्री आपरेटर के प्रमोशन के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए 10 विभागों के साथ-साथ सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग को नोटिस भेजा है। सभी से 8 सप्ताह में जवाब मांगा है।

मामला छ.ग शासन के 16 विभागों में पदोन्नति चैनल निर्धारित कर डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को पदोन्नति प्रदान किया जा रहा है, परन्तु छग शासन के अन्य विभागों में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पदोन्नति से वंचित हैं। छग शासन के समस्त विभागों में एकसमान पदोन्नति चैनल निर्धारित करने एवं पदोन्नत: पट के समान समयमान वेतनमान प्रदान करने के संबध में छ.ग. प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर / डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन द्वला विगत 08-10 वर्षों से शासन प्रशासन विभाग प्रमुखों को पत्राचार किया जा रहा था परन्तु शासन प्रशासन एवं विभागों द्वारा बाटा एन्ट्री ऑपरेटनरी को पदोन्नति प्रदान करने के सबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी।

एक ही राज्य में एक ही पद के पदोन्नति के सबंध में दोहरी नीति एवं उनके साथ हो रहे अन्याय से क्षुब्ध होकर छ.ग प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर / डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन के माध्यम से 10 विभागों वन विभाग वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग उच्च शिक्षा विभाग निर्वाचन विभाग, खाद्य विभाग, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं नगर निगम बिलासपुर द्वारा उन 15 विभागों में जहां पदोन्नति चैनल निर्धारित है, समान पदोन्नति एवं पदोन्नति से वंचित डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को पदोन्नति पद के बराबर समयमान दिये जाने के लिए उच्च न्यायालय बिलासपुर में एक साथ याचिका दायर की गयी।

# पिकनिक से लौट रहे पिकअप पलटी, 25 लोग घायल

**कोरबा,** 9 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। 25 से अधिक लोग एक पिकअप वाहन में सवार होकर पिकनिक मना कर लौट रहे थे। इसी दौरा कटघोरा क्षेत्र के जटगा चौकी के ग्राम घुमानीडांड़ के पास अचानक गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी मे दबकर मासूम की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। घायलों में 7 की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगिरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र में भेजा, जहां उनका इलाज जारी है और मर्ग कायम कर मासूम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।





# धान उपार्जन केन्द्र में लगी भीषण आग, कार्यालय जलकर खाक

**सारंगढ़**, 9 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ मे बीती रात बोहराबहाल धान उपार्जन केन्द्र के कार्यालय में भीषण आग लग गई, जिससे कार्यालय जलकर खाक हो गया. बोहराबहाल में झोपड़ी बनाकर कार्यालय का संचालन किया जा रहा था. जहां रविवार रात 1 बजे आग लगने से करीब 10 हजार बारदाना, कंप्यूटर सेट, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मोटरसाइकिल समेत अन्य कई कीमती सामान जलकर राख हो गए. आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन यह हादसा यह साबित करता है कि धान खरीदी के केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभाव है. स्थानीय लोगों का कहना है कि धान उपार्जन केंद्रों में महज दिखावे के लिए तैयारियां की जाती हैं, जबकि सामान्य दुर्घटनाओं से निपटने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है. इस हादसे ने यह भी सवाल खड़ा किया है कि करोड़ों रुपये का धान बिना किसी सुरक्षा के खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है, जो बड़ी क्षति का कारण बन सकता है.

# अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौके पर मौत और दो घायल



**कोरबा,** 9 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। कोरबा जिले में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज नेशनल हाइवे 130 पर कटघोरा से अम्बिकापुर मार्ग पर फिर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कटघोरा अस्पताल में भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह पूरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम तानाखार इलाके की है।

# किसानों के सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने सरकार प्रतिबद्ध : शिवराज सिंह



संसद में कृषि मंत्री ने किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में आश्वासन दिया कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री का बयान उस दिन आया जब किसानों ने मांगों के एक चार्टर के साथ दिल्ली तक मार्च किया, जिसमें फसलों के एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी शामिल थी। चौहान ने कहा कि मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों की सभी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। यह मोदी सरकार है और मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी है।

कृषि मंत्री ने कहा कि एमएसपी तब दिया जाता है जब कोई फसल एमएसपी से कम दाम पर बेची जाती है। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों का कल्याण हमारी प्रतिबद्धता है। हमने एमएसपी बढ़ाने और एमएसपी पर फसल खरीदने का भी काम किया है। मोदी सरकार की नीतियों का हवाला देते हुए, चौहान ने कहा कि 2019 के बाद से, एमएसपी की गणना उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ को शामिल करने के लिए की गई है, जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने इसकी तुलना कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों से की और आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया।

# किसानों को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका, अभी बंद रहेगा शंभू बॉर्डर



**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन पर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट पहले से ही इस मामले की सुनवाई कर रहा है। मामले पर दायर याचिका में केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर समेत हाईवे खोलने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह से हाईवे को अवरुद्ध करना लोगों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम और बीएनएस के तहत भी अपराध है।

याचिका में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में राजमार्ग को अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट को प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्ग से हटाने के लिए केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को निर्देश जारी करना चाहिए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दायर नई याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहता. पिछले हफ्ते पुलिस ने दिल्ली चलो मार्च शुरू करने वाले किसानों को तितर-बितर करने के लिए पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच बहस हो गई और ड्रोन फुटेज में पुलिस को सीमा पर किसानों को रोकते हुए दिखाया गया। हरियाणा पुलिस के अनुसार, आगे बढ़ रहे किसानों का समूह उन 101 किसानों की सूची से मेल नहीं खाता, जो उन्हें दी गई थीं, जिन्हें आज के मार्च में भाग लेना था। म पहले उनकी (किसानों की) पहचान करेंगे और फिर हम उन्हें आगे जाने की अनुमति दे सकते हैं।

# रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते भारत का हो रहा विकास : मोदी



राइजिंग राजस्थान समिट में बोले प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया का हर निवेशक भारत को लेकर उत्साहित है। मोदी ने कहा कि राजस्थान की विकास यात्रा में आज एक और अहम दिन है। देश और दुनिया से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि और निवेशक यहां पधारे हैं। यहां उद्योग जगत के भी अनेक साथी मौजूद हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आप सभी का अभिनंदन है। मैं राजस्थान की भाजपा सरकार को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दूंगा।

मोदी ने आगे कहा कि आज दुनिया का हर विशेषज्ञ, हर निवेशक भारत को लेकर बहुत ही उत्साहित है। रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए भारत ने जो विकास किया है, वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद, सात दशक में भारत, दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले 10 वर्ष में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, डिजिटल डेटा और वितरण की शक्ति क्या होती है, ये भारत की सफलता से पता चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में जैसे डायवर्स देश में लोकतंत्र इतनी सशक्त हो रही है, ये अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेटिक रहते हुए मानवता का कल्याण, भारत का मूल चरित्र है। आज भारत की जनता अपने डेमोक्रेटिक हक के माध्यम से भारत में स्थिर सरकार के लिए वोट कर रही है। मोदी ने कहा कि भारत के इस पुरातन संस्कार को हमारी युवा शक्ति आगे बढ़ा रही है। आने वाले अनेक वर्षों तक भारत, दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है। भारत में युवाओं का सबसे बड़ा पुल होने के साथ ही सबसे बड़ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। इसके लिए सरकार एक के बाद एक कई फैसले ले रही है।

# 40 स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले

### छात्रों को घर वापस भेजा गया

**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सोमवार सुबह दिल्ली के 40 स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले। आरके पुरम के दिल्ली पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल, मयूरविहार के मदर मैरी स्कूल, ब्रिटिश स्कूल, सलवान स्कूल, मॉडर्न स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, डीएवी स्कूल उन स्कूलों में शामिल हैं, जिन्हें धमकी भरे ईमेल मिले। स्कूल प्रशासन ने बच्चों को उनके घर वापस भेज दिया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस और फायर ब्रिगेड को आज सुबह 7 बजे धमकी के बारे में जानकारी दी गई। धमकी वाला ईमेल कल रात 11 बजे मिला। स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों को सूचित किया कि वे अपने बच्चों को घर वापस ले आएं। पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने दोनों स्कूलों के परिसर की जांच की और अब तक मौके पर कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। मदर मैरी स्कूल के प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, प्रिय अभिभावकों, आज सुबह स्कूल में बम की धमकी के बारे में एक ईमेल प्राप्त हुआ है। इसलिए एहतियात के तौर पर छात्रों को तुरंत तितर-बितर किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने बच्चों को अपने-अपने बस स्टॉप से ले जाएं। अभिभावकों से अनुरोध है कि कृपया अपने बच्चों को तुरंत ले जाएं। बस रूट इंचार्ज आपको बसों की आवाजाही के बारे में समय-समय पर अपडेट रखेंगे।

CMYK